दिनांक 01.09.2024 समय: 2.10

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

पोषण माह

देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत हो गई है। यह प्रतिवर्ष 1 से 30 सितंबर तक इसे मनाया जाता है। प्रदेश में भी पोषण से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय के लोगों, पंचायत सदस्यों, जन प्रतिनिधियों और अन्य विभागों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कटनी में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार जिले में पोषण माह चार प्रमुख थीम– पूरक आहार एवं खाद्य विविधता पर जागरूकता, वृद्वि निगरानी, पोषण भी पढाई भी और एनीमिया जाँच एवं रोकथाम की थीम पर शुरू हुआ। खंडवा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर राष्ट्रीय पोषण माह शुभारंभ संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी की उपस्थिति में किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न विभागीय गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के समन्वय से जनमानस को कार्यक्रम से जोड़कर पोषण की महत्ता के प्रति जागरूक किया जायेगा। साथ ही अभियान के तहत क्षेत्र से कुपोषण को दूर किया जायेगा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में दिल्ली में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित कार्यक्रम को सीधा प्रसारण दिखाया गया। कटनी में 7वे राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

साक्षरता सप्ताह

प्रदेश में आज से साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने व्यापक तैयारियाँ की हैं। साक्षरता सप्ताह के दौरान सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। प्रदेशभर में कल साक्षरता रैली आयोजित की जायेगी। रैली में विद्यालय, महाविद्यालय, नेहरू युवा केन्द्र, जन–अभियान परिषद, अक्षर साथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तीन सितम्बर को सर्वे कार्य किया जायेगा। सर्वे के दौरान यदि किसी घर में सभी सदस्य साक्षर हैं, तो इसका प्रमाण–पत्र प्राप्त करना होगा। साक्षर होने की स्थिति में घर के बाहर "सम्पूर्ण साक्षर परिवार'लिखा जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोटरी क्लब, उज्जैन द्वारा संचालित इंटरसिटी साक्षरता कार्यक्रम के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की और उनके प्रकल्पों को सराहा। कटनी जिले में भी साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने व्यापक तैयारियाँ की हैं। साक्षरता सप्ताह के दौरान सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी।

बारिश/मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। आज प्रदेश के सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम और बैतूल जिले में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के पश्चिमी हिस्से के 21 जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं। हालांकि राजधानी भोपाल और इंदौर में सुबह से धूप खिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर समेत दूसरे जिलों में भी आज गरज–चमक की स्थिति और हल्की बारिश हो सकती है।

वोकेशनल ट्रेनर्स

जबलपुर हाई कोर्ट ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल ट्रेनर्स को हटाकर नई नियुक्ति करना अनुचित है। जस्टिस संजय यादव ने स्पष्ट किया कि सरकार नए स्कूलों के लिए नए ट्रेनर्स का चयन कर सकती है, लेकिन पहले से कार्यरत ट्रेनर्स की योग्यता और अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह फैसला प्रदेश के 4 हजार से अधिक वोकेशनल ट्रेनर्स के लिए बड़ी राहत है।

घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समाज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमुक्ति दिवस के कार्यक्रम में कहा कि है इन जातियों को एक स्थान का निवासी घोषित करने के उद्देश्य से एक स्थान मान्य करते हुए मूल मुकाम को दर्ज किया जाएगा। इससे घुमन्तु और अर्द्ध–घुमन्तु समुदाय की वे जातियां जो वर्तमान में कल्याण योजनाओं के लाभों से छूटी हुई हैं, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जा सकेगा। भोपाल के रवीन्द्र भवन में हुए राज्यस्तरीय आयोजन में बंजारा लोक कलाकार सुश्री रीना पवार ने प्रभावी पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किया। पन्ना जिले में विमुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति से संबंधित जिला स्तरीय कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से पन्ना के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित अशासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में किया गया। आगरमालवा कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित किये गये जिला स्तरीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज की व्यवस्था पर प्रकाश डाला।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में जिला स्तर पर निवेश को सुगम बनाने और निवेशकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र स्थापित किये जाऐंगे।
- खेल सप्ताह में खरगोन जिले के लगभग 03 हजार खिलाड़ियों को पारंपरिक खेल और मनोरंजनात्मक खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।
- जबलपुर से मुंबई के बाद अब जबलपुर को एक और नई फ्लाइट की सौगात मिली है। आज से बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान शुरू हो गई है। इंडिगो की यह फ्लाईट दोपहर 3 बजकर 10 मिनिट पर जबलपुर से उड़ान भरने के बाद शाम बजकर 20 मिनिट पर बेंगलुरु पहुंचेगी।